# सड़क व सदन में सरकार की नाक में दम करेगी कांग्रेस

## विरोध

प्याज, गैस, पेट्रोल, डीजल के आसमान छूते दामों के खिलाफ कांग्रेसी सड़कों पर, पुतला फूंका

**संवाददाता**



कांग्रेस कार्यकर्ता बढ़ती महंगाई के विरोध में प्रदर्शन कर पुतला फूंकते हुए।

देहरादून। देश भर में प्याज व अन्य सब्जियों, रसोई गैस ,पेट्रोल डीजल की आसमान छूती कीमतों के विरोध में बुधवार को कांग्रेसियों का आक्रोश सड़कों पर प्रदर्शित हुआ। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने बल्लीवाला चौक जीएमएस रोड पर प्याज की मालाएं पहन कर जबरदस्त प्रदर्शन किया व तत्पश्चात मोदी सरकार का पुतला दहन किया।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मोदी तेरे राज में आग लगी है प्याज में व महंगी गैस महंगा तेल डबल इंजन हो गया फेल जैसे नारे लगा कर मोदी सरकार की आर्थिक नीतियों व महंगाई पर जम कर हमला बोला।

इस अवसर पर पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए धस्माना ने कहा कि कांग्रेस के जमाने में प्याज पचास पार होते ही मोदी सैना है तौबा मचा देती थी किन्तु आज जब प्याज सवा सौ पार हो गया है तो वो चूं तक नहीं कर रहे। उन्होंने कहा कि आज आलू टमाटर लहसून पेट्रोल डीजल सब की कीमतें आसमान छू रही हैं और सरकार कीमतें नियंत्रित नहीं कर पा रही। उन्होंने कहा कि प्याज की कीमतों सवा सौ रुपया किलो पार कर कीर्तिमान स्थापित कर दिया है।

धस्माना ने कहा कि कांग्रेस पार्टी बढ़ती कीमतों के खिलाफ सड़क व सदन दोनों जगह सरकार की नाक में दम करेगी। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश व देश की जनता मोदी जी के अच्छे दिनों से तौबा कर रहे हैं व कह रहे हैं कि इससे अच्छे तो कांग्रेस के जमाने के बुरे दिन ही अच्छे थे।


प्रदर्शन व पुतला दहन में प्रदेश कांग्रेस की प्रवक्ता गरिमा दसोनि, निगम पार्षद कोमल वोहरा, पार्षद संगीता गुप्ता, प्रदेश महिला कांग्रेस सचिव पिया थापा,ब्लॉक कांवली अध्यक्ष अल्ताफ, मुकेश चौहान,पूर्व पार्षदमुकेश चौहान राजेश पुंडीर, मंजू तोमर,मुकेश चौहान,अभिषेक तिवारी,धार्म सोनकर,मीना रावत, सुमित खान्ना,नरेश गांधी, अनीस अंसारी,गौतम सोनकर,परिणीता बडोनी,इजहार अहमद,सुल्तान,अनीता दास,बिमलेश,गुड्डू डबराल,अनिल डोबरियाल,घनश्याम वर्मा,मंजू नोडियाल, कुसुम जुयाल,मीना रावत , प्रीतम सिंह सजवाण,अवधेश कथिरिया, अनुराग गुप्ता,कांता क्षेत्री, एस पी बहुगुणा,हरजीत सिंह समेत सैकड़ों कार्यकताओं ने भाग लिया।


# Page Three
## Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


## प्याज 100 से 120 रुपये प्रति किलो तक बिका

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड में प्याज के बेतहाशा बढ़ते दामों ने लोगों के पसीने छुड़ा दिए हैं। बुधवार को राज्य के अधिकांश क्षेत्रों में प्याज सौ रुपये किलो बिका। लेकिन देहरादून के लालपुल, रायपुर और आईटी पार्क क्षेत्र में 120 रुपये किलो तक प्याज बेचा गया। सरकार के लाख दावों के बावजूद प्याज के दामों पर नियंत्रण नहीं हो रहा है। हाल यह है कि, थोक और फुटकर के रेट में प्रति किलो 25 से 45 रुपये प्रति किलो तक का अंतर है। देहरादून मंडी में बुधवार को प्याज के थोक रेट 75 रुपये किलो था। जबकि फुटकर में प्याज 100 से 120 रुपये प्रति किलो बेचा गया। हरिद्वार और रुड़की में भी प्याज बुधवार को सौ रुपये प्रति किलो बिका। कुमाऊं में पिथौरागढ़, अल्मोड़ा, रुद्रपुर और हल्द्वानी में सौ रुपये और नैनीताल में 110 रुपये किलो बिका। देहरादून मंडी के सचिव विजय थपलियाल का कहना है कि, जनवरी में ही प्याज के दामों में राहत की उम्मीद है। प्याज की जमाखोरी रोकने के लिए 11 नवंबर को खाद्य सचिव ने सभी जिलाधिकारियों को छापेमारी करने को कहा था। लेकिन 23 दिन बीतने के बावजूद किसी जिले के डीएम ने कोई कार्रवाई नहीं की।

## जेंटलमैन कैडेट्स को काबिलियत का इनाम मिला

**संवाददाता**

देहरादून। भारतीय सैन्य अकादमी (आईएमए) में कड़े प्रशिक्षण के बाद सैन्य अफसर बनने से महज कुछ कदम दूर जेंटलमैन कैडेट्स को उनकी काबिलियत का इनाम मिला। बुधवार को आयोजित अवॉर्ड सेरेमनी में कैडेट्स को व्यक्तिगत उत्कृष्टता, रोलिंग ट्रॉफीज व बैनर्स से नवाजा गया। अकादमी के कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल एसके झा ने भावी अफसरों को देश की आन, बान और शान की रक्षा का मूलमंत्र दिया।

आइएमए कमान्डेंट ने कहा कि जिन कैडेटों को पुरस्कार नहीं मिला है, वह भी खुद को कमतर न समझें। किसी भी परिस्थिति का डटकर सामना करने, बदलाव को आत्मसात करने और तकनीक में दक्षता हासिल करने की सीख भी उन्होंने दी। भारतीय सैन्य अकादमी में शनिवार को होने वाली पासिंग आउट परेड में देश–विदेश के 377 जेंटलमैन कैडेट हिस्सा लेंगे। इसमें से 306 कैडेट भारतीय सेना तथा 71 सैन्य अफसर मित्र देशों को मिलेंगे। वहीं, मंगलवार को हुई डिप्टी कमांडेंट परेड में अकादमी के उप समादेशक और मुख्य प्रशिक्षक मेजर जनरल जीएस रावत ने सलामी ली। इससे पहले उन्होंने बतौर निरीक्षण अधिकारी परेड का निरीक्षण किया। इस दौरान जेंटलमैन कैडेट का जोश और उत्साह देखते ही बन रहा था। उप समादेशक ने जेंटलमैन कैडेटों को रिहर्सल के तौर पर स्वार्ड ऑफ ऑनर के साथ ही गोल्ड, सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल दिए। उन्होंने कहा कि आईएमए से प्रशिक्षण लेने के बाद कैडेट सेना में शामिल होकर गौरव बढ़ाएंगे।



अवॉर्ड सेरेमनी के दौरान आईएमए कैडेट्स।

## न्यूज डायरी

### त्रिस्तरीय पंचायत के विभिन्न पदों के लिए नामांकन 9 एवं 10 दिसम्बर को

**संवाददाता** हरिद्वार। राज्य निर्वाचन आयोग की अधिसूचना के क्रम में जनपद हरिद्वार के समस्त विकासखण्डों के अंतर्गत सदस्य ग्राम पंचायत, प्रधान ग्राम पंचायत, सदस्य क्षेत्र पंचायत तथा सदस्य जिला पंचायत के रिक्त पदों, स्थानों पर अधिसूचना जारी होने की तिथि तक विभिन्न प्रकार से रिक्त हुए पदों/स्थानों जो किसी न्यायालय के स्थगन आदेश से बाधित न हों, पर उप निर्वाचन जिला मजिस्ट्रेट, जिला निर्वाचन अधिकारी (पं0) हरिद्वार के निर्देशानुसार निर्धारित समय सारणी अनुसार करायें जाएंगे।

### सीवरेज शोधन संयत्र का लोकापर्ण 5 को

**संवाददाता** हरिद्वार। नमामि गंगे कार्यक्रम के अन्तर्गत उत्तराखण्ड राज्य के हरिद्वार जनपद में हाईब्रिड एम्यूनिटि वित्तीय मॉडल पर आधारित 14 एमएलडी क्षमता के सीवेज शोधन संयत्र का लोकापर्ण मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र रावत तथा मंत्री जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार गजेंद्र सिंह शेखावत, केंद्रीय मानव संसाधन मंत्री भारत सरकार रमेश पोखरियाल निशंक, स्वीडन साम्राज्य के नरेश कार्ल और महारानी सिल्विया की गरिमामयी उपस्थिति में 5 दिसम्बर को दोपहर 12 बजे संयुक्त रूप से करेंगे।

### कुम्भ मेला को बेहतर बनाने के लिए आम जनता के सुझाव आमंत्रित

**संवाददाता** हरिद्वार। कुंभ मेलाधिकारी हरिद्वार दीपक रावत ने कुम्भ मेला, हरिद्वार–2021 को बेहतर बनाने के लिए आम जनता के सुझाव आमंत्रित किये हैं। इस सन्दर्भ में उन्होंने कहा है कि सभी नागरिक अपने सुझाव/प्रस्ताव कार्यालय मेलाधिकारी, मेला नियंत्रण भवन, हरिद्वार में किसी भी कार्य दिवस में उपलब्ध करा सकते हैं।

### आईआईएफएल फाईनेंस ने 6 राज्यों में 'हर गोल्ड लोन पे गिफ्ट' ऑफर लॉन्च किया

**संवाददाता** देहरादून। भारत की सबसे बड़ी नॉन–बैंकिंग फाईनेंस कंपनियों में से एक, आईआईएफएल फाईनेंस सभी नए ग्राहकों को 'हर गोल्ड लोन पे गिफ्ट' ऑफर के साथ आकर्षक ऑफर प्रस्तुत कर रहा है। इस ऑफर के तहत 1 दिसंबर से 31 दिसंबर, 2019 के बीच हर गोल्ड लोन पर ग्राहकों को आकर्षक उपहार दिए जाएंगे। इस स्कीम के तहत 1 प्रतिशत प्रतिमाह की आकर्षक ब्याज दर प्रस्तुत की जा रही है तथा लोन की केवल 5 मिनट में तीव्र प्रोसेसिंग की सुविधा दी जा रही है। इसके अलावा गोल्ड पर अधिकतम लोन मूल्य एवं आसान डिजिटल पेमेंट भुगतानों की सुविधा भी दी जा रही है।



बच्चों को सामान वितरित करते हुए एसएसपी।

## 52 बच्चों को पठन–पाठन सामग्री एवं जूते और स्वेटर वितरित किया

**संवाददाता** हरिद्वार। ऑपरेशन मुक्ति अर्थात भिक्षा नहीं शिक्षा अभियान के तहत हरिद्वार में गठित पुलिस टीम द्वारा भिक्षावृति में लिप्त 275 बच्चो को भिक्षावृति से मुक्त करते हुए विभिन्न स्कूलो में उनका दाखिला करते हुए उन्हें समाज की मुख्य धारा से जोड़कर उन्हें शिक्षित करने का एक सफल प्रयास किया गया। उसके तहत एसएसपी हरिद्वार द्वारा उनमे से 52 बच्चो को पठन–पाठन सामग्री एवं जुते और स्वेटर आदि वियतीत किये गए। विदित हो कि महानिदेशक कानून एवं अपराध व्यवस्था अशोक कुमार के द्वारा ऑपरेशन मुक्ति अभियान की शुरुआत की गई थी।

## गैरसैंण में हरीश रावत का उपवास

**संवाददाता** गैरसैंण। भाजपा सरकार द्वारा गैरसैंण की उपेक्षा और गैरसैंण में विधानसभा सत्र न कराने के मुद्दे पर कांग्रेस व सरकार आमने सामने है। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने आज गैरसैंण में विधानसभा सत्र का आयोजन न कराने के मुद्दे पर रामलीला मैदान में अपने हजारों समर्थकों और पूर्व विधायकों के साथ एक दिवसीय सांकेतिक उपवास किया। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने इस बात पर नाराजगी जताई है कि सत्ता में आने के बाद भाजपा सरकार ने गैरसैंण में राजधानी के विकास के लिए कोई भी काम नहीं कराया है उनका कहना है कि गैरसैंण में सर्दी अधिक होने का हवाला देकर यहां सत्र का आयोजन न कराया जाना पहाड़ के लोगों का अपमान है। उनका कहना है कि हमारे बुजूर्गवार जब सर्दी में रह सकते है तो हमें चार छह दिन भी पहाड़ पर रहने में कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। आज सुबह गैरसैंण पहुंचे हरीश रावत के साथ मनीष खण्डूरी भी थे। हरीश रावत ने पहले राज्य आंदोलन में शहीदों को श्रद्धाजंलि दी और उसके बाद वह उपवास पर बैठ गये। उधर उनके समर्थकों द्वारा इस अवसर पर एक विशाल रैली भी निकाली गयी। इन सभी का कहना है कि सरकार राजधानी गैरसैंण पर अपना रूख साफ करे कि वह चाहती क्या है।